राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(199)RSSB/अर्थना/कनि.अभि./संयुक्त भर्ती/2026/ दिनांक : यथा हस्ताक्षर

–:: प्रेस विज्ञप्ति::–

कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती–2026

बोर्ड द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के लिए कनिष्ठ अभियंता सिविल (डिग्रीधारक), सिविल (डिप्लोमाधारक) एवं यांत्रिक/विद्युत (डिप्लोमाधारक) के कुल 874 पदों पर दिनांक 15.08.2026 को विज्ञापन संख्या 10/2026 जारी कर दिनांक 16.08.2026 से दिनांक 14.09.2026 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गये थे।

उक्त क्रम में राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड से 41, स्वायत्त शासन विभाग से 150 एवं नगरीय विकास एवं आवासन विभाग से 770 पदों की नवीन अर्थना एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से संशोधित अर्थना प्राप्त होने पर उक्त भर्ती में **दिनांक 18.11.2026 से दिनांक 17.12.2026 तक पुनः ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित** किए जा रहे है।

उक्त भर्ती में जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन किया जा चुका है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे अभ्यर्थी यदि अपने विभागों के वरीयता/प्राथमिकता क्रम में संशोधन करना चाहते है तो ऐसे अभ्यर्थी दिनांक 22.12.2026 से दिनांक 31.12.2026 तक विभागों की वरीयता/प्राथमिकता क्रम में निःशुल्क संशोधन कर सकते है। उक्त अभ्यर्थी यदि वरीयता/प्राथमिकता क्रम में संशोधन के अतिरिक्त अन्य प्रविशिष्टयों (अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, स्वयं का फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, अंगूठा का निशान व हस्तलिपि नमूना के अतिरिक्त) में संशोधन करना चाहते है तो नवीन जारी विज्ञापन के अनुसार ऑनलाईन आवेदन भरे जाने की अवधि के दौरान अपने ऑनलाईन आवेदन में 300 /– का शुल्क जमा करवाकर संशोधन कर सकते है। **उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। इस हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

(प्रीति माथुर)
सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

क्रमांकः प.14(199)RSSB/अर्थना/कनि.अभि./संयुक्त भर्ती/2026/ दिनांक : यथा हस्ताक्षर

1. प्रभारी अधिकारी आईटी अनुभाग RSSB को भेज कर लेख है कि उक्त सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करवाऐं।

(प्रीति माथुर)
सचिव

Signature Not Verified

Digitally Signed by Preeti Mathur
Designation : Secretary
Date :17-11-2026 06:40:51

RajKaj Ref No.: 25487435